हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, रविवार 10 अगस्त 2025
भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर




।। जीवेत शरदः शतम् ।।
वैशाली नगर के लोकप्रिय विधायक
मा. श्री रिकेश सेन जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई
एवं
शुभकामनाएं...
सतबीर सिंह
उपाध्यक्ष
सुपेला मंडल भाजपा
तसविंदर सिंह
उपाध्यक्ष
वैशाली नगर मंडल भाजपा
भास्कर मुदलियार
कोषाध्यक्ष
वैशाली नगर मंडल भाजपा
गुरमुख सिंह
सक्रिय सदस्य
भाजपा

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, रविवार, 10 अगस्त, 2025

तापमान
अधिकतम 32 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री


16 रजिस्ट्री कराने में लग रहे 7 घंटे से ज्यादा का समय, ओटीपी नहीं हो पा रहा सेव


14 बहनों ने भाइयों की कलाई में बांधा प्यार, पर्यावरण को बचाने की पहल









## एडवांस सॉफ्टवेयर 2-0 लागू करने की वजह से नहीं खुल पाई साइट

# ट्विनसिटी के 325 डाकघरों में बंद रही स्पीड पोस्ट सेवा, बहनें नहीं भेज पाई भाइयों को राखियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

ट्विनसिटी के 325 डाकघरों में स्पीड सेवा बंद हो गई है। जिसकी वजह से बहनें राखी नहीं भेज पाई। हजारों बहनें ऐसी थी जो काम की व्यस्तता के चलते स्पीड सेवा से राखी भेजती रही हैं। स्पीड सेवा से दूरदराज शहरों में रहने वाले भाईयों को राखी समय पर पहुंच जाती थी लेकिन इस बार उन्हे मायूस होना पड़ा। डाकघर प्रभारियों का कहना था कि स्पीड सेवा का साइट ही बंद है। खुला ही नहीं।



### इन डाकघरों से मायूस लौटी बहनें

भिलाई के रिसाली सेक्टर स्थित डाकघर , उतई डाकघर, दुर्ग पद्मनाभपुर डाकघर, उतई डाकघर, जामुल डाकघर, सेलूद डाकघर, भिलाई तीन चरोदा डाकघर, पाटन सहित 25 उपडाकघर हैं। इन डाकघरों में स्पीड सेवा से राखी पोस्ट करने गई बहनें वापस लौटी। सावित्री साहू , रमा सिंह, वैष्णवी, अनिता सिंह, पारूल यादव आदि ने बताया कि राखी स्पीड पोस्ट नहीं की जा रही है। इस संबंध में वहां के कर्मचारियों ने बताया कि स्पीड पोस्ट का साइट ही बंद है। कई बार ट्राई किए लेकिन खुला ही नहीं। इसलिए डाकघर के सामने लगी पेटी में राखी डालनी पड़ी। दिल्ली, मुंबई, नागपुर, बिलासपुर, रीवा, सतना जैसे जगह पर उनके भाई रहते हैं। इसलिए स्पीड पोस्ट से राखी भेजना जरूरी था।

### चल रहा सर्वर समस्या

नया सॉफ्टवेयर अपडेट हो रहा है। इसलिए सर्वर बार-बार आ रहा और जा रहा है। स्पीड पोस्ट सेवा कई लोगों की हो पाई। सॉफ्टवेयर अपडेट होने के बाद सेवा सामान्य हो जाएगी।

- **दीपक वासनिक,** प्रभारी, प्रधानडाक दुर्ग

### सर्वर भी ठप, लोग हैं परेशान

डाकघरों में इन दिनों सर्वर की समस्या आम हो गई है। लोग डाकघर अपने कार्यों को लेकर जा रहे हैं लेकिन घंटों इंतजार के बाद भी काम नहीं हो रहा है। डाक विभाग द्वारा एडवांस पोस्टल टेक्नोलॉजी यानी एपीटी का कार्य अभी किया जा रहा है। जिसकी वजह से सर्वर बार-बार ठप हो जा रही है। लोग रजिस्ट्री करवाने, खाते संबंधी कार्य और स्पीड पोस्ट सेवा जैसे कार्यों के लिए डाकघर जा रहे हैं। प्रभावित मुकेश निषाद ने बताया कि उनके डाकघर में खाते हैं। पैसे निकालने के लिए आए तो सर्वर की वजह से काम नहीं हो पाया। नरेश वर्मा ने बताया कि घंटो इंतजार के बाद पैसे निकले। अमित चंद्राकर, दिलीप सिंह ने बताया कि तीन दिन से डाकघर जा रहे हैं और वापस आ रहे हैं।

# शौचालय की सफाई को लेकर पार्षद की पिटाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

दुर्ग में शौचालय की सफाई को लेकर बोलने पर कुछ युवकों ने निर्दलीय पार्षद ललित ढीमर के साथ मारपीट की है। शिकायत मिलने पर दुर्ग कोतवाली पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

दुर्ग कोतवाली पुलिस ने बताया कि नगर पालिक निगम दुर्ग के वार्ड 56 के पार्षद ललित ढीमर से दो लोगों ने मारपीट की है। उनके वार्ड बघेरा के इंदिरा नगर में सुलभ शौचालय है। सुलभ शौचालय की सफाई को लेकर पार्षद ने बात कही तो गुलाबदास मानिकपुरी और मेहत्तर उर्फ कोंदा उसके साथ विवाद करने लगे। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों आरोपियों ने मिलकर पार्षद की जमकर पिटाई कर दी। घटना की सूचना मिलने पर नगर निगम दुर्ग के पार्षद कोतवाली थाना पहुंचकर आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर मांग करने पहुंचे। आरोपियों ने पार्षद को जान से मारने की धमकी देते हुए गाली गलौज करते हुए मारपीट की। पार्षद को काफी चोटें आई हैं। पार्षद की पिटाई करने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

## खबर संक्षेप

### धारदार चापड़ दिखाकर डराने वाला गिरफ्तार



**भिलाई** । धारदार चापड़ लेकर लोगों को डरा धमकाने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि आकाश गंगा प्रेस काम्पलेक्स के पास सुपेला में युवक धारदार चापड़ लेकर लोगो को डरा धमका रहा था। पुलिस की सूचना पर उसे पकड़ा गया। पूछताछ करने पर अपना नाम पवनतरा चौंकी जालबांध जिला खैरागढ़ हाल पता सिकोला बस्ती कालीचरण देवराज का होना बताया है। आरोपी के पास से एक धारदार लोहे का चापड़ को जप्त किया गया।

### रक्षाबंधन पर आज चलेगी स्पेशल मेमू ट्रेन

**भिलाई।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल ने रक्षाबंधन के अवसर पर यात्रियों की सुविधा के लिए 9 से 10 अगस्त को ट्रेन संख्या 08834/08833 दुर्ग - रायगढ़ - दुर्ग के मध्य दो फेरे के लिए रक्षाबंधन स्पेशल मेमू ट्रेन की सुविधा दी है। ट्रेन 08834 दुर्ग रायगढ़ मेमू पैसेंजर ट्रेन दुर्ग से 10:30 बजे रवाना होकर 10:36 बजे भिलाई नगर 10.43 बजे, भिलाई पावर हाउस 10:50 बजे भिलाई 10.56 बजे देवबलोदा चरोदा, 11:09 बजे कुम्हारी, और वापसी ट्रेन 08833 रायगढ़ दुर्ग मेमू पैसेंजर रायगढ़ से 19:00 रवाना होकर उपरोक्त सभी स्टेशनों पर रुकते हुए बिलासपुर 20.55 बजे और रायपुर 23:30 बजे, दुर्ग अगले दिन 01.15 बजे पहुंचेगी।

# राखी के दिन एनएच में कुम्हारी टोल के पास लगा लंबा जाम, बहनों को हुई काफी परेशानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

रक्षाबंधन के त्योहार को देखते हुए दुर्ग पुलिस की तैनाती शहर के सभी भीड़भाड़ वाले इलाकों में की गई थी, लेकिन कुम्हारी टोल प्लाजा के पास एनएच में लंबा जाम लगने से रायपुर से भिलाई के लिए जाने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। एसएसपी दुर्ग विजय अग्रवाल ने राखी के दिन ट्रैफिक व्यवस्था पर विशेष फोकस करने के लिए कहा था। ऐसे में शहर के अन्दर 24 व बाहर 44 अलग-अलग प्वॉइंट पर सशस्त्र बल एवं यातायात बल को तैनात किया गया। ट्रैफिक पुलिस का अधिक बल शहर में लग जाने से वो नेशनल हाइवे में लगने वाले जाम को कंट्रोल नहीं कर पाए। इससे राखी में पूरा दिन रायपुर से भिलाई के लिए जाने वाली एनएच की लेन में ट्रक और छोटी बड़ी अन्य गाड़ियों का लंबा जाम घंटो लगा रहा है।



# शिवनाथ नदी में युवक की डूबने से हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

शिवनाथ नदी में डूबने से युवक की मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पुलिस व एसडीआरएफ की टीम पहुंची और मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला गया।मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम सिरसा थाना क्षेत्र पुलगांव चौकी जेवरा सिरसा के शिवनाथ नदी में युवक डूबने की सूचना मिली थी। एसडीआरएफ की टीम खोजबीन में निकल गई। एसडीआरएफ जवान इंद्रपाल यादव द्वारा डीप डाइविंग कर युवक की खोजबीन नदी में करने लगा। घंटो बाद एक शव शिवनाथ नदी से मिला। पूछताछ करने पर ग्राम समोदा निवासी साहिल देशमुख 22 वर्ष के नाम से शिनाख्त किया गया। जेवरा सिरसा प्रभारी खगेन्द्र पठारे ने बताया कि साहिल अपने दोस्त चिमन के साथ नहाने शिवनाथ नदी गए हुए थे। दोनों होंडा शो रुम के कर्मी है। शिवनाथ नदी में दोनों नहाने कूदे दोनों बहाव में पहुंचने पर डूब रहे थे। इस दौरान चिमन को गमछा के सहारे बाहर निकल गया लेकिन साहिल नहीं निकल पाया। जिससे उसकी मौत हो गई।









## एसएसपी ने स्वतंत्रता दिवस और त्योहारों की तैयारियों को लेकर की समीक्षा

# रात 11 बजे के बाद दुकानें बंद कराएं हर बीट पर हो जवानों की तैनाती: एसएसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

स्वतंत्रता दिवस और त्योहारी सीजन को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक ली। उन्होंने कहा कि रात 11 बजे के बाद दुकानें बंद कराई जाए, हर बीट पर पुलिस जवानों की तैनाती हो। इसकी पूरी जानकारी थाना प्रभारी को होनी चाहिए। नियमित रूप से गश्त की जाए। संदिग्ध गतिविधि वाले व्यक्तियों को पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया जाए। उन्होंने बैठक में आगामी गणेशोत्सव त्योहार पर आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के भी निर्देश दिए। तेज आवाज में बजने वाले साउंड सिस्टम पर नजर रखने, नियमतः कार्रवाई करने के लिए भी निर्देशित किया। गणेश पंडालों में सुरक्षा इंतजाम, ट्रैफिक व्यवस्था से जुड़ी जानकारी अपडेट की जाए। उन्होंने त्रिनयन एप का अधिक से अधिक उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए।




### सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाई जाए

एसएसपी ने कहा कि नए सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाई जाए। इसे त्रिनयन एप से जोड़ा जाए। लोगों को सीसीटीवी लगवाने जागरूक किया जाए। लंबित अपराधों की समीक्षा कर नियमानुसार नियत समय पर इनका निराकरण किए जाने के लिए प्रभारियों को निर्देशित किया गया। एनडीपीएस एक्ट के तहत करने, मादक पदार्थों की जब्ती, उनका नष्टीकरण करने कहा। जुआ- सट्टा पर अधिक से अधिक कार्रवाई के लिए निर्देशित किया।

### अवैध शराब बिक्री पर कसा जाए शिकंजा

एसएसपी ने कहा कि रात 11 बजे के बाद खुले दुकानों को बंद कराया जाए। कबाड़ियों का गैंग हिस्ट्रीशीट खोला जाए। अधिक से अधिक निगरानीशुदा बदमाश की फाइल तैयार की जाए। बॉण्ड ओवर की कार्रवाई की जाए। अवैध शराब बिक्री पूरी तरह से बंद हो, इसके के लिए शिकायत मिलते ही तत्काल कार्रवाई की जाए। बीट का विभाजन कर प्रत्येक बीट में तैनात पुलिस बल की जानकारी भेजी जाए।






# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के नाम पर घर-घर लहराएगा तिरंगा



## स्वतंत्रता दिवस की तैयारी को लेकर हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जामगांव आर

मोर तिरंगा मोर अभिमान के तारतम्य में भारतीय जनता पार्टी जामगांव आर मंडल स्तरीय बैठक शुक्रवार को जामगांव आर में हुई। मुख्य वक्ता मंडल प्रभारी रोहित साहू ने इस बैठक में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में जाबाज सेना ने आपरेशन सिंदूर चलाकर सफलतम गौरव भारत को दिलाया।

इसके बाद पहला स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त सामने है। उन्होंने कहा कि इस पवन दिवस पर घर घर तिरंगा-हर घर तिरंगा का अभियान प्रत्येक बूथ पर होना चाहिए। जिसकी जिम्मेदारी बूथ अध्यक्ष सहित सभी भाजपा कार्यकर्ताओं की है। इस तैयारी में अभी से जुट जाए और स्वयं अपने हाथों से घर घर तिरंगा हर घर तिरंगा लहराएं। निवर्तमान मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू ने कहा कि घर घर तिरंगा हर घर तिरंगा अभियान में स्वर्णिम इतिहास लिखने तत्पर हो जाए। इस दौरान जिला पंचायत सभापति कल्पना नारद साहू का भव्य स्वागत किया गया। मंच पर मंडल सह प्रभारी फ़त्तेलाल वर्मा जिला पंचायत सभापति कल्पना साहू, भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष नारद साहू पूर्व मंडल अध्यक्ष द्वय लालेश्वर साहू धनराज साहू, सोसायटी अध्यक्ष त्रय बेलहारी रूपसिंह सिन्हा बेनीराम साहू भगवान सिंह चंद्राकर शासकीय कालेज अध्यक्ष नरेश केला जनपद सदस्य रामकुमार चंद्राकर पूर्व सरपंच कन्हैयालाल साहू, नगर भाजपा पूर्व अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू, कोमल साहू उज्ज्वल केला और उपासना साहू आदि उपस्थित थे।

स्वागत भाषण मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू ने दिया। वहीं भानुप्रिया साहू, संजू साहू, जिनेश जैन, मुकेश साहू, बेनीराम साहू, श्रीकांत चंद्राकर, अंगेश्वर साहू, अरुण चंद्राकार और सीताराम साहू आदि ने अतिथियों का स्वागत किया। सुरपा सरपंच चंद्रहास साहू, अकताई सरपंच प्रतिनिधि नरोत्तम निषाद, अभिषेक सेन और पेमिन साहू की विशेष उपस्थिति रही। संचालन मंडल महामंत्री पूर्णेंद्र सिन्हा एवं आभार संयोजक श्रीकांत चंद्राकर ने किया।

## खबर संक्षेप

### कृषि दवा चोरी करने वाला पकड़ में

**भिलाई।** कृषि दवा चोरी करने वाला युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि चौकी मचांदूर उतई पुलिस में कानाकोट उतई निवासी नंद किशोर राजपूत के खेत ब्यारा खुले स्थान में रखे कृषि दवाई का 40 पैकेट का वजन 3 किलो 13 हजार रुपए का अज्ञात ने पार कर लिया। पुलिस ने विवेचना दौरान पहले मुख्य आरोपी विनोद ठाकुर को पूर्व में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। सह आरोपी ग्राम कानाकोट चौकी मंचादुर धर्मेंद्र कुमार पटेल को पकड़ा गया। आरोपी ने पूछताछ करने पर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश किया।

### सरपंच दिग्विजय ने बहनों को दिया उपहार



**अंडा।** राखी पर्व भाई बहनों का विशेष त्यौहार है इस मौके पर ग्राम पंचायत अंडा के युवा सरपंच दिग्विजय सिन्हा ने ग्राम पंचायत अंतर्गत निवासरत बेटियों को उनके विवाह में 1101 रुपए देने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि गांव के प्रत्येक परिवार इसका हकदार है, प्रत्येक नवविवाहित बेटियों, बहनो के लिए अपने मानदेय से मिलने वाली राशि से देने एक वीडियो जारी कर घोषणा की है। इस पर ग्रामीणों ने हर्ष जताया है। उन्होंने बताया कि ग्राम वासियों ने मुझे एक बड़ी जिम्मेदारी दी है और समय में लोगों के काम आ सकूं यही मेरी उपलब्धि होगी। उन्होंने यह भी कहा कि ग्राम अंडा बाल विवाह मुक्त गांव है, बाल विवाह जैसे कुरीतियों पर भी रोक लगाने ग्रामीणों से समर्थन माँगा सही समय पर बहनो बेटियों का विवाह हो. ग्रामीणों को त्योहार की बधाई दी है।

### निधन

#### भास्काव राव



**भिलाई।** कैलाश नगर भिलाई निवासी रिटायर बीएसपी कर्मी भास्कर राव खड़तकर 88 वर्ष का निधन शनिवार को भिलाई हॉस्पिटल सेक्टर 9 में हो गया। उनका अंतिम संस्कार रविवार को सुबह 12 बजे निवास स्थान से रामनगर मुक्तिधाम में किया जायेगा। वे राजेश और जयंता के पिता थे।

## उल्लास : ग्रामीण क्षेत्रों में परंपरागत ढंग से मनाया रक्षाबंधन पर्व

# बहनों ने भाइयों की कलाई में बांधा प्यार, पर्यावरण को बचाने की पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जामगांव आर/अंडा/अंजोरा

### जनपद अध्यक्ष कीर्ति ने दुर्ग एसपी को बांधी राखी



रक्षा बंधन के पूर्व संध्या के शुभ अवसर पर जनपद पंचायत पाटन की अध्यक्ष श्रीमती कीर्ति नायक ने दुर्ग पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर दुर्ग पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल का अक्षत तिलक करते कलाई पर राखी बांधी। पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने बहनों की रक्षा का संकल्प का वचन देते हुए बहन के उज्ज्वल भविष्य की कामना किए। जनपद पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती कीर्ति नायक ने कहा कि रक्षाबंधन का महान पर्व भाई और बहन के बीच विश्वास और रक्षा का अमृत पान कराती है। दिन-रात हमारी रक्षा करने वाले पुलिस अधीक्षक एवं सह कर्मियों को सुरक्षा सूत्र बांधकर हम गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। श्रीमती नायक के साथ कुसुम साहू, पूनम श्रीवास्तव, दुलारी साहू और रेखा साहू भी उपस्थित थे।

### बहनों ने एक माह के भाई पर लुटाया स्नेह



**जामगांव आर।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर की पूर्व छात्रा टीना की दो बेटियां काव्या 9 वर्ष और नव्या 7 वर्ष को इस वर्ष राखी में 1 माह 11 दिन उम्र का भाई मानविक मोदी को राखी बांधने का सुखद अवसर मिला।बहन काव्या छोटा सा नन्हा सा भाई मानविक को गोद में लेकर मां टीना पिता प्रणय मोदी का भावपूर्ण कृतज्ञता प्रगट कर रही है।

### सीआईएसएफ जवानों को बांधे रक्षा सूत्र



**अंडा।** शैलदेवी कॉलेज अंडा दुर्ग की ओर से सीआईएसएफ रीजनल ट्रेनिंग सेंटर उतई ,भिलाई में सैनिकों को रक्षासूत्र बाँधकर रक्षाबंधन का पर्व मनाया गया। कमांड ऑफिसर एवम अन्य पदाधिकारियों के साथ कुल 200 सी. आईएसएफ के जवान उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत रक्षाबंधन शुभकामना गीत से की गई। त्यौहार में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक एवम छात्राओं ने सहभागिता प्रदान की। महाविद्यालय के संचालक राजन कुमार दुबे के मार्गदर्शन में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

### सलोनी तिलखैरी में मना रक्षाबंधन



**अंडा।** ग्राम सलौनी तिलखैरी में हर्षोल्लास से रक्षाबंधन पर्व मनाया गया। हीरामणि, देशमुख ,भेष, देशमुख विमला, पुनीता देशमुख मीना देशमुख योगेश्वरी देशमुख कमलेश्वरी देशमुख रूपा देशमुख दशरी देशमुख, कुमकुम सोनल, भाई केदार,देशमुख, राकेश कुमार, हेमंत ,रिंकू, सोनू वेद प्रकाश, मयंक, यशु देशमुख सभी भाई बहनों ने परंपरागत ढंग से त्यौहार मनाया। बहनों ने शुभ मुहूर्त में पूजा का थाल सजाया, जिसमें कुमकुम, अक्षत, रक्षा सूत्र, मिठाई, नारियल रखा। इसके बाद भाई के माथे पर प्रेम का टीका लगाया। वही कहीं-कहीं बहनों ने चांदी की राखी बांधी और आरती उतारी और रक्षासूत्र बांधा।

### स्कूली बच्चों को दी गई थाली



**अंजोरा।** ग्राम अंजोरा के वरिष्ठ नागरिक उभय राम साहू के जन्मदिन को उनके बेटे उपसरपंच माखन साहू एवं पुत्रवधू जनपद सदस्य संगीता साहू ने यादगार बनाया। 8 अगस्त शुक्रवार को ग्राम अंजोरा के स्वामी आत्मानंद स्कूल के सभी प्राइमरी और मिडिल के 184 बच्चों को स्टील थाली वितरण किया गया। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त एवं विधायक ललित चंद्राकर दुर्ग ग्रामीण विशेष रूप से उपस्थित थे इस दौरान विधायक ने इस पुनीत कार्य की खूब सराहना की, बच्चों को स्वच्छ भोजन के साथ-साथ पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने की बात कही। पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता का ध्यान रखते हुए जनपद सदस्य संगीता माखन साहू ने कहा कि जन्मदिन को विशेष रूप से याद रखा जाएगा यह एक महत्त्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर हरि सारथी, आशीष ठाकुर, प्राचार्य होरीलाल चतुर्वेदी, उमा राठौर, अंजू त्रिपाठी, मनोज गुप्ता और अभिलाषा साहू सहित शिक्षक शिक्षिका आदि उपस्थित थे।

### केंद्रीय विद्यालय में हरित रक्षा बंधन की पहल



**उतई।** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सी.आई.एस.एफ) भिलाई परिसर में और केंद्रीय विद्यालय परिसर के वृक्षों को राखी बांधकर उसकी सुरक्षा और संवर्धन की प्रतिज्ञा ली गई। मुख्य अतिथि कमांडेंट सन्नी कुमार भट्ट ने कहा कि- हरित रक्षाबंधन एक अभियान है।जिसमें पेड़ों को राखी बांधकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जा रहा है। इस अभियान में, ग्रामीण और स्कूली बच्चे, शिक्षकों के मार्गदर्शन में, पेड़ों के लिए राखियां तैयार कर पेड़ों पर बांधा गया हैं। इसी तारतम्य में केंद्रीय विद्यालय प्राचार्य भुबनेश्वरी ने कहा कि - पेड़ों पर राखी बांधना एक शुभ परंपरा है। जिसका आध्यात्मिक और पर्यावरणीय दोनों तरह का महत्त्व है। इस अवसर पर इकबाल अहमद मुख्य चिकित्सा अधिकारी, महिपाल सिंह मीणा असिस्टेंट कमांडेंट, संयोजक और विद्यालय के कीड़ा शिक्षक डॉ. पंकज शुक्ला , रूना चौधरी, सोमा शील गुहा, सुनीता गावंडे, सृजन ए. बी सिंह, अनिल कुमार शर्मा, रीना साहू, शैलेश बेंजामिन, उमेश कुमार संत मोनिका देवी, डी. के. ठाकुर, माधुरी, आंचल सिंह, मयंक कुमार मिश्रा, कल्पना शर्मा, सीमा विश्वकर्मा, राजन शर्मा, जानकी सिन्हा , श्वेता भट्ट, ममता साहू और चंद्रकांत साहू सहित अन्य लोग मौजूद थे। धन्यवाद ज्ञापन गीतू स्नातकोत्तर शिक्षिका जीव विज्ञान ने दिया। इस समारोह के मुख्य अतिथि केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल,तृतीय आरक्षित वाहिनी सी आई एस एफ, उतई भिलाई, थे।


## बिजनेस साइट

### ओम ज्वेलर्स को ग्राहकों का मिल रहा बेहतर प्रतिसाद




**भिलाई।** शहर के हृदय स्थल इंदिरा मार्केट प्रिया श्रृंगार सदन के सामने शॉप नंबर 64बी में स्थित ओम ज्वेलर्स दुर्ग अपने ग्राहकों के हितों के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है। जहां आपको मिलता है भारत सरकार द्वारा huid पास टोटल हॉलमार्क के गहनों का विशाल रेंज उपलब्ध है। जिसमें नये व पुराने ग्राहकों को 100 प्रतिशत संतुष्टी निश्चित होकर गहने खरीद सकते हैं। साथ ही गहनों मे टूट फुट की 2 साल की रिपेरिंग फ्री की सुविधा उपलब्ध है। मनपसंद कलात्मक ज़ेवर, ग्राहकों के रुपयों के अनुरूप कम कीमत से ज्यादा क़ीमत पर एक से एक नई नई डिजाइन उपलब्ध रहता है, दिवाली व शादी विवाह के सीजन को देखते हुए लाइट वेट से अधिकतम वेट की ज्वेलरी में सोने के नेकलेस, झुमका, बाली, एरिंग टॉप्स, रानी हार, चोकर.चांदी में पायल कमरबंद, बाजूबंद बिछिया, ऑल सोने चांदी की एक से बढ़कर एक वैरायटियों का नई-नई डिजाइन का विशाल रेंज उपलब्ध है। वहीं दूल्हे दुल्हन के लिए खास टूर बैग, इम्पोर्टेन्ट वॉच, जितना सोना उतना चांदी फ्री ग्राहकों की तत्काल गिफ्ट दिया जाता है। क़ीमत भी सबसे कम चीप दर पर गहने प्रदान किया जा रहा है और भी विशेषताएं प्रदान की जाती है। जैसे अपने पुराने सोने को नये जैसे बनाए वो भी बिना नुकसान के बिना वजन कम हुए तत्काल, पुराने सोने चांदी की 100 प्रतिशत मूल्यों के साथ वापसी, पुराने सोने-चांदी का तत्काल रिपेरिंग, मंगलसूत्र गुथायी 0 चार्जेबल पर, किसी भी गोल्ड के गहने पर 100 प्रतिशत वापसी, हमारी संस्थान में किसी भी प्रकार के गहने, जेवरों का पेमेंट घर से करने की सुविधा उपलब्ध, सभी प्रकार की चेक स्वीकार किए जाते हैं, आल एटीएम, डेबिट, क्रेडिट कार्ड स्वीकार किये जाते हैं, भारत सरकार द्वारा प्रमाणित 916.(22c )833(20c)750(18c )टोटल हॉलमार्क की गहने की भरपूर रेंज उपलब्ध, हर दस हजार की खरीदी पर चांदी की मूर्ति फ्री, हमारी संस्थान ग्राहकों को अच्छी क्वालिटी व गुणवत्ता की सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।


## विद्यार्थियों को दी अपार आईडी की जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा

■ मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत मेगा पालक शिक्षक बैठक

मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत मेगा पालक शिक्षक बैठक का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोड़यिा में किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य पालकों के साथ बेहतर संवाद स्थापित करने उन्हें बच्चो की प्रगति से अवगत कराने एवं बच्चों की भविष्य की संभावनाओं का आकलन करने हेतु राष्ट्रीय शिक्षा नीति के मान्शानुरुप कार्य करना रहा। इस कार्यक्रम में शिक्षकों एवं विद्यर्थियों ने कोड़िया ग्राम का इतिहास जाना। साथ ही जिन छात्रों के अपार आईडी नहीं बने है उनको मार्गदर्शन दिया गया। पालक अपने बच्चे की स्कूली गतिविधि एवं पढ़ाई पर भी फोकस रहे। इस पर भी वार्ता हुई छात्रों को कौशल युक्त शिक्षा नई शिक्षा नीति 2020 से जोड़ने पर भी चर्चा हुई। इस अवसर पर सरपंच खुमान निषाद, जनभागीदारी अध्यक्ष आनंद चंद्राकर, हायर सेकेण्डरी स्कूल प्रिंसिपल श्रीमती उज्जने, जगदीश दीपक, ग्रामीण अध्यक्ष, मलेश निषाद सामाजिक जिला अंकेक्षक, जगत जी शोर्य, युवा ग्रुप अध्यक्ष फलेंद्र पटेल और बुधेलाल निषाद सहित करीबन 60 से ज्यादा पालक उपस्थित रहे। डॉ सरोज साहू ने संचालन किया। व्याख्यता भवानी सिंह देशमुख, शीला चंद्रा, डॉक्टर रूपमती साहू, दानेश्वरी सिन्हा, प्रीतम देवांगन, वेदिका साहू, हर्षा महलवार, प्रीती सलाम, समीर भेलवा, वीरेंद्र गजपाल औऱ टी एन साहू आदि उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### स्तनपान सप्ताह में हुए विविध आयोजन




**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत विनयाकपुर में स्तनपान सप्ताह अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्राम के सरपंच योगेंद्र दिल्लीवार, उप सरपंच शशि ठाकुर, वरिष्ठ नागरिक जगन्नाथ देवांगन, मोतीलाल मारकंडे, टिकेंद्र चंद्राकर, प्रेमलता योगी और मीनाक्षी नेताम उपस्थित थे। ग्राम सरपंच दिल्लीवार ने अपने उद्बोधन में स्तनपान के महत्व पर जानकारी दी। पर्यवेक्षक रेखा लोणारे ने विभागीय योजनाओं की जानकारी के साथ स्तनपान के महत्व बोतल से दूध पिलाने से होने वाले खतरे के संबंध में जानकारी दी। प्रेमलता योगी ने गुड टच बेड टच के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने विभाग की विभिन्न योजनाओं के संबंध में बताया। इस दौरान प्रश्नोत्तरी का कार्यक्रम आयोजित किया गया। बालिकाओं की कुर्सी दौड़ में प्रथम पल्लवी , द्वितीय तुलसी साहू, तृतीय निशा पटेल रही। प्रतियोगिता में विजेताओं को पुरस्कार वितरण किया गया। रेडी टू इट से बने व्यंजन की प्रदर्शन लगाई गई। इस दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका गोमती देवांगन सुभाष देवांगन प्रमिला साहू, शकुंतला दवे, कुसुम गजपाल, योगेश्वरी, मालती, और सुलोचना साहू उपस्थित थे।

### कॉलेज की गतिविधियों की दी जानकारी



**उतई।** दाऊ उत्तम साव शासकीय महाविद्यालय मचांदुर में जन भागीदारी अध्यक्ष प्रवीण यदु के मुख्य आतिथ्य एवं डॉ. संगीता मैहुरिया प्रभारी प्राचार्य की अध्यक्षता में नव प्रवेशित विद्यार्थियों का दीक्षारंभ समारोह आयोजित किया गया। जिसमें नव प्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष प्रवीण यदु एवं अन्य सदस्यों ने स्वागत किया। समारोह में प्रभारी प्राचार्य ने स्वागत भाषण के माध्यम से विद्यार्थियों को महाविद्यालय में अध्ययन-अध्यापन के अलावा अन्य संचालित गतिविधियों जैसे एन.एस.एस.,स्मार्ट- क्लासरूम ,पुस्तकालय एवं वाचनालय, खेलकूद के बारे में बताया। मुख्य अतिथि प्रवीण यदु ने विद्यार्थियों को पढ़ाई के अलावा नैतिक शिक्षा के महत्व को बताया । दीक्षारंभ समारोह के साथ स्मार्ट क्लासरूम का उद्घाटन मुख्य अतिथि ने किया। समारोह के उपरांत जनभागीदारी समिति की बैठक में महाविद्यालय के रखरखाव एवं सुरक्षा से संबंधित विषयों पर चर्चा की गई एवं महाविद्यालय में प्रवेश हेतु रिक्त सीटों हेतु अपने आसपास के 12वीं से उत्तीर्ण विद्यार्थियों को प्रेरित करने की बात बैठक में कही गई। दीक्षारंभ समारोह एवं जनभागीदारी समिति की बैठक में जनभागीदारी समिति के सदस्य एवं महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### कांवड़ यात्रा में दिखा भक्ति व उल्लास का माहौल



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कोडिया में श्रावण मास के अंतिम सप्ताह में एक ऐतिहासिक धार्मिक आयोजन हुआ। पहली बार बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष और बच्चे पारंपरिक पीले वस्त्रों में सजकर कांवड़ यात्रा में भक्ति और उल्लास के साथ शामिल हुए। सरपंच खुमान निषाद ने बताया कि यात्रा की शुरुआत पथर्रा नाला पास महादेव घाट मंदिर से पवित्र जल लेकर की गई। इसके बाद यात्रा श्री बाल गणेश शिव मंदिर व रास्ते में पड़ने वाले सभी शिव मंदिर होते हुए भानपुरी नाला पास महादेव घाट शिवालय पहुंची। वहां भोलेनाथ को जल अर्पित कर यात्रा का समापन हुआ। यह कार्यक्रम सरपंच खुमान निषाद उपसरपंच कुलेश्वर निर्मलकर, ज्ञानेश्वर साहू ,तिलक साहू, रोहित साहू, लिलेश्वरी पटेल, प्रीतम यादव, अमरीका मंडावी, सोहद्रा साहू, रेखा निषाद मंजू यादव, मनीषा यादव ,सरिता निषाद ,जीतू साहू, और समस्त पंच गण व ग्रामवासी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। ग्राम वासियों के भक्ति भाव ने इस पहली बार निकाली कांवड़ यात्रा को धार्मिक परंपरा में एक नई पहचान दी।

### शिव-पार्वती विवाह प्रसंग सुन श्रोता हुए भाव-विभोर



**उतई।** नगर में श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह के तीसरे दिन गुरुवार को भागवत कथा वाचक पंडित संतोष अवस्थी ने शिव विवाह का प्रसंग सुनाया। इसे सुन श्रोता भाव विभोर हुए। अवस्थी महाराज ने भागवत कथा श्रवण कराते हुए कहा कि मनु शतरूपा की कन्या आकूति का विवाह पुत्रिका धर्म के अनुसार रुचि प्रजापति से तथा प्रसूति कन्या का विवाह ब्रह्माजी के पुत्र दक्ष प्रजापति से हुआ। उससे उन्होंने सुंदर नेत्रों वाली सोलह कन्याएं उत्पन्न कीं। इनमें से तेरह कन्याएं श्रद्धा, मैत्री, दया, शांति, तुष्टि, पुष्टि, क्रिया, उन्नति, बुद्धि, मेधा, तितिक्षाए और मूर्तिद्ध धर्म की पत्नियां बनीं। अग्निदेव स्वधा नामक कन्या समस्त पितरों की तथा सती नाम की कन्या महादेव की पत्नी बनीं। उन्होंने कहा कि सती अपने पतिदेव की सेवा में ही संलग्न थीं। दक्ष प्रजापति की सभी कन्याओं को संतान की प्राप्ति हुई लेकिन सती के पिता दक्ष ने बिना किसी अपराध के भगवान शिवजी से प्रतिकूल आचरण किया था। युवावस्था में क्रोधवश योग द्वारा स्वयं ही अपने शरीर का त्याग कर देने से सती को कोई संतान न हो सकी।

### छात्रों की कलाई पर छात्राओं से बंधवाई राखी



**जामगांव आर।** शा स की य प्राथमिक शाला जामगांव आर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सरपंच रूपेंद्र शुक्ला, उपसरपंच मुकेश साहू, सचिव नरेश महतो ,सुनील चंद्राकर पंच ने छात्र छात्राओं को रक्षाबंधन पर्व का महत्व समझाते हुए छात्रों की कलाई में छात्राओं से राखी बंधवाकर मुंह मीठा कराया। आयोजन में किवेश चंद्राकर की सक्रिय भूमिका रही।

हरिभूमि लाइव
रायपुर, रविवार 10 अगस्त 2025
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
7747020002, Message at - 9755819129

सिटी इवेंट

## रक्षाबंधन पर विधायक गजेन्द्र यादव के हाथों में सजी हजारों राखियां



**दुर्ग।** रक्षाबंधन पर विधायक गजेन्द्र यादव के निवास में भाई-बहन के पावन रिश्ते की अनूठी झलक देखने को मिली। बड़ी संख्या में दुर्ग विधानसभा क्षेत्र की बहनें अपने विधायक भाई के पास पहुंचीं। आरती लेकर परंपरागत विधि से कलाई में राखी बांधकर उनके दीर्घायु और सुख-समृद्धि की कामना की। विधायक गजेन्द्र यादव ने भी बड़ी संख्या में राखी बांधने पहुंची बहनों को रक्षा का संकल्प देते हुए स्नेहपूर्वक उपहार और मिठाई भेंट की। इस अवसर पर पूरे परिसर में उत्सव का माहौल रहा और बहनों की खुशी देखते ही बन रही थी। विधायक गजेन्द्र यादव ने कहा कि मेरे प्रति आप बहनों का यह स्नेह और आशीर्वाद ही मेरी सबसे बड़ी ताकत, मेरी धरोहर और मेरी प्रेरणा है। सदैव बहनों की सुरक्षा एवं सम्मान के लिए समर्पण के साथ कार्य करता रहूंगा।

सिटी इवेंट

## ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं ने विधायक ललित के घर पहुंचकर बांधा रक्षासूत्र




**भिलाई।** रक्षाबंधन पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर के निवास में बड़ी संख्या में महिलाएं पहुंची। इस दौरान उन्होंने रक्षासूत्र बांधा। पुरैना, रिसाली सहित अन्य क्षेत्रों से महिलाएं पहुंची। स्वास्थ्य, दीर्घायु और सुखद जीवन की मंगलकामना की। चंद्राकर ने कहा कि रक्षाबंधन सिर्फ एक पर्व नहीं, बल्कि हमारी भावनात्मक एकता और सामाजिक मूल्यों की गहराई को दर्शाने वाला अनुपम उत्सव है। उन्होंने कहा कि रक्षा-सूत्र में निहित शुभकामनाएं उन्हें अपने कर्तव्यों के प्रति और अधिक समर्पित होने की प्रेरणा देती हैं। इस अवसर पर प्रमुख रूप से बी. चंद्रावती, ईश्वरी, दमयंती, पी. दमयंती अम्मा, लक्ष्मी, सुमित्रा, सुमलता, बुझी मंगम्मा, अपलनरसिंह, ए.लक्ष्मी, संगीता, पी.सुमलता, अनीता पात्रों, मंगम्मा डी. साईं, बी. गणपति सहित अन्य मौजूद थे।

सिटी इवेंट

## यूथ सिख सेवा समिति की महिलाओं ने बांधी राखी, सुरक्षा का लिया वचन



**भिलाई।** रक्षाबंधन पर यूथ सिख सेवा समिति भिलाई की महिला विंग की सैकड़ों बहनों ने अपने भाई, समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटूको राखियां बांधी। यह अवसर सिर्फ एक रस्म नहीं, बल्कि उस रिश्ते का उत्सव था, जो हर परिस्थिति में उनके साथ मजबूती से खड़ा रहता है। समाज सेवा में निःस्वार्थ भाव से जुटे रहने वाले छोटू को बहनों ने रिटर्न गिफ्ट के रूप में अपार प्यार और आशीर्वाद दिया। दूर-दूर से आई बहनों का हुजूम उमड़ पड़ा और सभी ने उनके द्वारा किए जा रहे समाजहित के कार्यों की जमकर सराहना की। महिला विंग ने भाई के अथक प्रयासों का सम्मान करते हुए इस दिन को यादगार बना दिया। इस अवसर पर, हैवी ट्रांसपोर्ट कार्यालय में कार्यरत एक महिला कर्मचारी की बेटी, जो बोलने और सुनने में असमर्थ हैं, उसके हुनर के सम्मान में सिलाई मशीन भेंट की गई। साथ ही स्कूली बच्चों को कॉपी, किताबें और बैग वितरित किए गए तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को प्रोत्साहन राशि के रूप में चेक प्रदान किए गए। इस अवसर पर रानी कौर, दलबीर कौर, सरबजीत कौर, संतोष कौर, कमलजीत कौर, सलबिंदर कौर, कुलवंत कौर, परमजीत कौर, रसपाल कौर, अर्चना कौर, अनिल चौधरी, मलकित सिंह, जोगा राव, सुनील चौधरी, पंकज सिंह, शहनवाज़ कुरैशी सहित अन्य मौजूद थे।

## बहनों ने भाई की कलाई पर रक्षासूत्र बांधा



**भिलाई/अंडा** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंडा, चिंगरी, निकुम, अछोटी, कुथरेल, चंदखुरी, जंजगिरी, विनायकपुर, आमटी, आलबरस, भोथली, खाडा, रूदा, थनौद, अंजोरा, रसमडा, गनियारी, बोरई, डौकीडीह, ओटेबंद, सिरसिदा, परसदा, डगनिया, खप्परवाडा, नाहंदा, गुरेदा, सलौनी, भिलाई, चीचा, ओडारसकरी, मटिया, देवगहन,देवरी ख, तिरखैरी, गोरकापार सहित विभिन्न गांवों में पारंपरिक रूप में रक्षाबंधन पर्व मनाया। शनिवार को भाई-बहन के प्रेम का पर्व रक्षाबंधन के पर्व को पारंपरिक रस्मों को निभाते हुए बहनों ने भाई की कलाई पर रक्षासूत्र बांधा और भाईयों से रक्षा का वचन लिया। बहनों ने शुभ मुहूर्त में पूजा का थाल सजाया, जिसमें कुमकुम, अक्षत, रक्षा सूत्र, मिठाई, नारियल रखा। इसके बाद भाई के माथे पर प्रेम का टीका लगाया। वही कहीं-कहीं बहनों ने चांदी की राखी बांधी और आरती उतारी और रक्षासूत्र बांधा और उनके लंबी उम्र और कामयाबी की कामना की। भाईयों ने भी अपनी प्यारी बहन को गिफ्ट दिया और हमेशा साथ निभाने का वादा किया।

● बहनों ने टीका लगाकर कलाई में बांधी राखी, मुंह मीठा कर उतारी आरती

# ट्विनसिटी में वीक एंड पर दिखा उत्साह रक्षाबंधन का उत्साह केंद्रीय जेल में भाइयों को राखी बांधने उमड़ा बहनों का सैलाब

ट्विनसिटी सहित ग्रामीण क्षेत्रों में रक्षाबंधन का पर्व शनिवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। वीक एंड की छुट्टी होने के चलते सभी लोग उत्साहित दिखे। कई साल बाद भद्रा न होने के चलते सुबह से ही बहनों द्वारा राखी बांधने का सिलसिला शुरु हो गया, जो पूरे दिन और रात तक चलता रहा। रक्षा बंधन का पर्व सारी आधुनिकताओं को दरकिनार करते हुए पारंपरिक तरीके से मनाया गया। बहनों ने भाइयों को टीका लगाया, आरती उतारी। इसके बाद राखी बांधी, भाइयों ने अपनी बहनों को उपहार दिया। दिन के बाद क्षेत्र के सभी मिठाई दुकानों बाजारों, मॉल और सिविक सेंटर में काफी रौनक देखने को मिली। पूरे दिन यह क्रम चलता रहा।

**भिलाई-दुर्ग।** छोटे-छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में रक्षाबंधन को लेकर एक सा उत्साह नजर आया। शनिवार की सुबह पहले सामान्य दिनों की तरह ही आवाजाही नजर आई, लेकिन दोपहर बाद शहर में जो भीड़ उमड़ी, वह देर शाम तक जारी रही। बहन-भाई के प्यार का प्रतीक इस त्योहार को लेकर घर-घर में व्यापक तैयारियां की गई थी। सुबह से ही लोग स्नान कर देवी-देवताओं की पूजा अर्चना लगे हुए थे। हर बार की तरह भाई-बहन ने जन्म-जन्म तक सुख-दुख में साथ निभाने का वचन लिया। वहीं भाइयों ने भी बहनों को उपहार देकर हमेशा साथ निभाने का वादा किया।



### जेल, पुलिस जवानों और पैरा मिलिट्री फोर्स को बंधी राखियां

हर बार की तरहे केंद्रीय जेल में निरुद्ध बंदियों को राखी बांधने उनकी बहनें पहुंची। इसके अलावा पुलिस जवानों और एसटीएफ बघेरा में प्रजापित ब्रह्मकुमारी की बहनों ने रक्षासूत्र बांधा। सेक्टर-5 में सांसद विजय बघेल और पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेम प्रकाश पांडे को राखी बांधने बड़ी संख्या में महिलाएं पहुंची। वहीं वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन, दुर्ग विधायक गजेंद्र यादव के निवास पर भी बड़ी संख्या में समर्थक महिलाएं राखी बांधने के लिए पहुंची।









### बाजारों में रही रौनक, पंडालों में बिकी मिठाइयां

हर बार की तरह रक्षाबंधन के दिन बाजारों में रौनक नजर आई। सभी छोटी-बड़ी मिठाई की दुकानों में भीड़ जुटी। यह भीड़ देर शाम तक लगी रहा। इधर कई जगहों पर पंडाल लगाकर मिठाइयां बेची गईं। मुख्य रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में पंडाल लगाकर मिठाइयां बेची गई। इसमें लड्डू, पेड़े, छेने की मिठाइयां, मसूर पाग, गुलाब जामुन, ड्राइफ्रूट से मनी मिठाइयों की डिमांड ज्यादा रही। मिठाइयों के अलावा राखियां खरीदने भी लोग बाजार पहुंचे।

## रक्षा-सूत्र में झलकी देशभक्ति, सैनिकों को भेजी राखी



**भिलाई।** रक्षाबंधन केवल भाई-बहन का पर्व नहीं, बल्कि सुरक्षा, आत्मीयता और कर्तव्यबोध का प्रतीक है। इस मूल भावना को साकार करते हुए पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय दुर्ग की छात्राओं ने सीमा पर तैनात भारतीय सैनिकों के नाम भावभरी राखियां भेजीं। इस आयोजन का उद्देश्य छात्रों में देशभक्ति, सामाजिक उत्तरदायित्व और संवेदनशीलता का विकास करना था। छात्राओं ने राखियों के साथ भावनात्मक पत्रों के माध्यम से सेना के प्रति कृतज्ञता और स्नेह प्रकट किया। इस प्रेरक पहल पर डॉ अजय आर्य ने कहा कि रक्षा-सूत्र केवल पर्व नहीं, सेवा और आत्मीयता का प्रतीक है। जब छात्र सैनिकों को राखियाँ भेजते हैं, तो यह भावों की साझेदारी बन जाती है। प्राचार्य उमाशंकर मिश्र ने अपने संदेश में कहा कि राखी विश्वास, सम्मान और कर्तव्य का प्रतीक है। यह आयोजन छात्रों के भीतर राष्ट्र के प्रति संवेदनशीलता का संचार करता है। इस रचनात्मक और भावनात्मक प्रयास में रचिता साहू, वंशिका ताम्रकार, आद्या सोनी, मौसमी, हर्षिता, रेशमा, रेणुका, वंशिका साहू, दिव्यांशी, संजना, आराध्या पांडे, वंशिका बेलचन्दन, साक्षी वर्मा, देविका सहित अन्य छात्राओं ने सक्रिय भागीदारी दी। कार्यक्रम में उपप्राचार्य पुष्पा बड़ा, प्रधानाध्यापक कमल सोनी सहित शिक्षक भी उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार ने इसे संस्कार, सेवा और संस्कृति का जीवंत उदाहरण बताते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को प्रोत्साहित करने की बातें कही। शिक्षकों ने कहा कि देश के जवान हर समय देश की रक्षा में लगे रहते हैं। हम सभी देशवासियों का यह कर्तव्य है की विशेष अवसरों पर एवं हमेशा अपने देश की रक्षा करने वालों के साथ हम खड़े रहे। देश की आत्मा में जय, जवान जय किसान, जय विज्ञान का नारा है। इस नारे के साथ ही हम देश के सैनिकों देश के किसने देश के वैज्ञानिकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हैं।

### स्कूली बच्चों से मिले सम्मान से अभिभूत हुए जवान



**भिलाई।** केएच ग्रुप ऑफ स्कूल्स के बच्चों ने राखी पर्व की पूर्व संध्या पर प्रथम वाहिनी सशस्त्र बटालियन भिलाई के जवानों को राखी बांधी। इस अवसर पर बच्चों ने देश के वीर सिपाहियों के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त किया। बच्चों ने भाई-बहन के इस अटूट बंधन को मजबूत और स्नेहिल बनाने रंग बिरंगी, सुंदर राखियां बांधी। स्कूल की टीचर्स फरहान बानो, नंदिता शील और आस्था शर्मा के नेतृत्व में बच्चे बड़े उत्साह से जवानों से मिले। उन्हें राखी बांधकर उनके प्रति अपना आभार व्यक्त किया। सभी बच्चों ने फौजियों को उनके त्याग,बलिदान और समर्पण के के लिए उनका आभार व्यक्त किया और देश रक्षा हेतु उनके योगदान को स्मरण किया। इस दौरान जवानों ने कहा कि अपने परिजनों से दूर अपने कर्म भूमि पर तैनात रहकर भी इन बच्चों की उपस्थिति और उनका स्नेह, प्यार हमें बिल्कुल अपने आत्मजनों की तरह खुशी और उत्साह प्रदान कर रहा है। यही हमारा आत्मबल भी है जो हमें दुश्मनों से लोहा लेते समय ऊर्जा,जोश और अपने देश के मां-बहनों की रक्षा हेतु मर मिटने की प्रेरणा देता है। केएच मेमोरियल स्कूल की प्रिंसिपल विभा झा ने कहा कि वतन की रक्षा में दिन रात तत्पर फौजियों को राखी बांधकर विद्यालय के बच्चे स्वयं भी राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों को समझते हैं। इनसे प्रेरणा लेकर अपनी मातृभूमि के प्रति सर्वस्व न्यौछावर करने का भाव धारण करते हैं। बच्चों ने इस अवसर पर भारत माता की जय और जय हिंद से स्कूल परिसर को गुंजायमान कर दिया।

---

कल्याण कॉलेज में दीक्षारंभ समारोह स्वामीजी, कुलपति, प्राचार्य और प्रबंधन ने किया प्रेरित

# शिक्षित तो हर डिग्रीधारी होता है, आप युवा दीक्षित होकर भविष्य के भारत में निभाइए महती भूमिका

कार्नर न्यूज




भिलाई। शिक्षाधानी भिलाई के सेक्टर-7 स्थित कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय में दीक्षारंभ समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्यातिथि, अतिथियों, महाविद्यालय संचालन समिति के पदाधिकारियों, प्राध्यापकों और विभिन्न क्षेत्र की हस्तियों ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों को प्रेरित किया। इस दौरान मुख्यातिथि रामकृष्ण मिशन विवेकानंद आश्रम रायपुर के सचिव स्वामी अव्ययात्मानन्द महाराज ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए श्लोक और प्रेरणादायक व्यक्तियों का उल्लेख कर निरंतर आगे बढ़ने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि स्वयं के लिए तो हर कोई कार्य करता है आप दूसरों के लिए कार्य करके मिसाल स्थापित कीजिए।



### युवाओं के कंधों पर समाज और देश का भविष्य

कार्यक्रम के अति विशिष्ठ अतिथि और शासकीय हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के कुलपति डॉ.संजय तिवारी ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों को कहा कि आपके कंधों पर भविष्य के भारत को गढ़ने की जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि सबसे शक्तिशाली देश माने जाने वाले अमेरिका की कुल आबादी के लगभग बराबर हमारे भारत में युवाओं की आबादी है, आप सभी युवा देश और समाज के लिए बहुत कुछ कर सकते है।नई शिक्षा नीति के तहत नवप्रवेशित विद्यार्थियों का दीक्षारंभ कार्यक्रम महाविद्यालय के सभागार में आयोजित किया गया था।

### मूल्यबोध बातों को किया रेखांकित

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.विनय शर्मा ने स्वागत भाषण देते हुए महाविद्यालय के विकास क्रम का बारीकी से उल्लेख किया। प्राचार्य डॉ.शर्मा ने कल्याण महाविद्यालय से पढ़कर निकली प्रमुख हस्तियों का उल्लेख किया। उन्होंने शिक्षा और दीक्षा में अंतर्निहित मूल्यबोध बातों को रेखांकित किया। कार्यक्रम का संचालन अंग्रेजी विभाग के अध्यक्ष डॉ.अनुराग पाण्डेय ने किया। आभार प्रदर्शन राजनीति शास्त्र विभाग की अध्यक्ष डॉ.मणि मेखला शुक्ला ने किया।

### यह रहे उपस्थित

इस दौरान छत्तीसगढ़ कल्याण समिति के उपाध्यक्ष अनील साहू, वाणिज्य विभाग के अध्यक्ष डॉ.सलीम अकील, विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ.गुणवंत चंद्रौल, हिंदी विभाग के अध्यक्ष डॉ.सुधीर शर्मा, समाजशास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ.के.एन.दिनेश, सहायक प्राध्यापकों में डॉ.कविता वर्मा, डॉ.अरुणा चौबे, डॉ.फिरोजा जाफर अली, डॉ.एन.पापा राव, डॉ.अनिर्बन चौधरी, डॉ.हरीश कश्यप, डॉ.शबाना व साथ ही बड़ी संख्या में नवप्रवेशित छात्र-छात्राएं, विद्यार्थी, शोधार्थी, महाविद्यालय के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### टारपीडो लेडल ने दो हजार हीट्स का बनाया कीर्तिमान

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के एक टारपीडो लैडल ने सफलतापूर्वक 2000 हीट पूरी कीं। यह टारपीडो लेडल, ब्लास्ट फर्नेस से एसएमएस– 3 तक हाट मेटल के सुरक्षित व कुशल परिवहन में अहम भूमिका निभाने वाली आधुनिक इकाई है। कीर्तिमान पर आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार थे। सीजीएम तापस दासगुप्ता, बिजय बेहेरा, मनोज कुमार, प्रोसेन्जीत दास सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने कहा कि हमारा वास्तविक लक्ष्य निरंतर प्रगति और सुधार होना चाहिए। केंद्रित टीमवर्क के साथ हम निश्चित ही और ऊँचाइयाँ प्राप्त करेंगे। प्रोसेन्जीत दास ने टारपीडो टीम और रिफ्रैक्ट्री पार्टनर आरएचआई मैग्नीसीटा के अथक प्रयासों की प्रशंसा की। इसमें विभाग के पीआर अजयन, जेआर मारकंडे, हर्षवर्धन सिंह शुभम कार्तिकेयन व आरईडी टीएलआरएस टीम का योगदान रहा।

### डॉ. सिसोदिया को डॉक्टरेट की उपाधि



**भिलाई।** पूर्व फौजी, समाज सेवक और जन अधिकारों के लिए 30 वर्षों से सहयोग करने वाले पूर्व फौजी डॉ. अरुण सिंह सिसोदिया को इंटीग्रेटेड ग्लोबल यूनिवर्सिटी ने प्रदान की मानद डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया। यह सम्मान उनके समाज के प्रति असाधारण योगदान, कोरोनाकाल में किए गए असाधारण कार्यों और समाज के प्रत्येक व्यक्ति, वर्ग के प्रति संवेदनशीलता व मानवता के प्रति प्रतिबद्धता के लिए प्रदान किया गया। समारोह में यूनिवर्सिटी के प्रतिनिधियों ने डॉ. अरुण सिंह सिसोदिया की सामाजिक सेवा, नेतृत्व और समाज के उत्थान में उनके उल्लेखनीय कार्यों की सराहना की। डॉ. सिसोदिया जोहार चैरिटेबल ट्रस्ट के फाउंडर चेयरमैन, जन अधिकार परिषद के अध्यक्ष, फेरो स्क्रैप वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष व पूर्व फौजी हैं।

# आदिवासी दिवस पर रैली निकाल दिया जल, जंगल, जमीन सहेजने का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर विशाल संवैधानिक एवं सांस्कृतिक यात्रा निकाली गई। यह यात्रा भिलाई के जयंती स्टेडियम से शुरू होकर रिसाली के दशहरा मैदान तक पहुंची। इस कार्यक्रम में जिले के समस्त आदिवासी समाज के विभिन्न संगठनों के लगभग 5 हजार लोग शामिल हुए। यात्रा में शामिल आदिवासी समाज के लोग अपनी परंपरागत वेशभूषा में नृत्य करते हुए नजर आए। रैली में हसदेव बचाओ और जल, जंगल, जमीन को सहेजने का संदेश दिया गया। आदिवासियों को एकजुट होकर सामूहिक प्रयास का संकल्प लिया गया। आदिवासी मंडल के जिला अध्यक्ष चंद्रभान सिंह ठाकुर ने कहा कि वे यह संदेश देना चाहते हैं कि छत्तीसगढ़ आदिवासी बाहुल्य राज्य है। उन्होंने कहा कि जल, जंगल, जमीन और संवैधानिक अधिकारों और संस्कृति के संरक्षण के लिए सभी को एकजुट होना चाहिए। वनांचल में रहने वाले आदिवासी भाइयों के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए यह आयोजन किया गया।

## सेंट्रल एवेन्यू रोड होते हुए शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी रैली, दशहरा मैदान रिसाली में समापन



### यूएन ने 2007 में आदिवासी अधिकारों पर जारी किया था घोषणा पत्र

गोंडवाना समिति के अध्यक्ष अशोक कंगाली ने बताया कि 13 अगस्त 2007 को संयुक्त राष्ट्र की महासभा के 107वें पूर्ण अधिवेशन में आदिवासियों अर्थात मूल निवासियों के अधिकारों के बारे में घोषणा पत्र जारी किया गया था। इसमें कुल 46 अनुच्छेदों में आदिवासी समाज के राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं रीति-रिवाज का संरक्षण शामिल है। साथ ही धार्मिक परंपराओं, जीवन निर्वाह के साधनों का विकास, जमीन एवं क्षेत्रीय संसाधनों पर अधिकार, पूर्ण सहमति के बिना भूमि अधिग्रहण पर रोक तथा शिक्षा और स्वास्थ्य आदि का संरक्षण एवं विकास का प्रावधान किया गया है।

## अव्यवस्था : जिला उप पंजीयक कार्यालय में अब तक नहीं सुधरी सर्वर की समस्या

# रजिस्ट्री कराने में लग रहा 7 घंटे से ज्यादा का समय, ओटीपी नहीं हो पा रहा सेव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

राज्य सरकार को रजिस्ट्री से सवाधिक राजस्व की प्राप्ति होती है लेकिन महीनेभर से इसके भारी कमी आई है। इसकी वजह से सर्वर की समस्या। पिछले एक महीने से दुर्ग जिला उप पंजीयक कार्यालय का सर्वर डाउन चल रहा है। आमतौर पर हर दिन यहां 80 से 90 रजिस्ट्री होती है लेकिन इन दिनों यह आधी यानी 40 से 50 तक ही सिमट गई है।

यानी आधे लोगों को बिना रजिस्ट्री करवाए ही लौटना पड़ रहा है। इस प्रकार पिछले कुछ दिनों से रजिस्ट्री को लेकर लोग खासे परेशान है। जमीन की खरीदी-बिक्री बुरी तरह प्रभावित है। दफ्तर में सही जानकारी भी उपलब्ध नहीं करा जा रही है। उच्च अधिकारियों से मार्गदर्शन मांगने पर एनआईसी से संपर्क करने कहा जा रहा है, समस्या का निराकरण नहीं हो पा रहा है। लोगों की मानें तो शासन स्तर पर लगायात नियमों में संशोधन किए जा रहे हैं। कृषि जमीन के मामले में जारी आदेश को लेकर भी दिक्कत बनी हुई है। तीन हजार वर्गफीट से कम जमीन की रजिस्ट्री भी नहीं की जा रही है। जिससे लोग परेशान हैं।

### दिक्कतों की वजह से रजिस्ट्री हो गई है आधी



### रजिस्ट्री कार्यालय में इस तरह की समस्या झेल रहे लोग

#### डिजिटल हस्ताक्षर कार्य प्रभावित

रजिस्ट्री करवाने वाले लोगों को दस्तावेज लेखकों के पास जाना है। यहां रेवेन्यू स्टॉम्प पर लेन-देन का ब्योरा तैयार किया जाता है। नए नियम के हिसाब से यहीं पर से ही क्रेता, विक्रेता और दो गवाहों का डिजीटल हस्ताक्षर होना है। सर्वर की समस्या की वजह से डिजीटल हस्ताक्षर नहीं हो पाता। जिसकी वजह से यहां से उप पंजीयक कार्यालय में रजिस्ट्री का टोकन ही प्राप्त नहीं मिल पाता।

#### मोबाइल पर ओटीपी नहीं आती

सर्वर बीच-बीच में आता है तो टोकन भी जैसे-तैसे लोगों को मिल जाता है। लोग उप पंजीयक कार्यालय पहुंचते हैं। उप पंजीयक कार्यालय में तीन कक्ष हैं जहां पर लोगों की रजिस्ट्री का कार्य चल रहा है। दस्तावेज प्रस्तुत करने के बाद क्रेता, विक्रेता और गवाहों का फोटो लेते हैं। उसके बाद मोबाइल से इन चारों लोगों को ओटीपी भेजा जाता है। सर्वर की वजह से कई लोगों के पास ओटीपी ही नहीं आता। जिनके ओटीपी आते हैं तो वह उप पंजीयक के सॉफ्टवेयर में सेव नहीं हो रहा है।

#### नामांतरण के लिए चक्कर

जमीन की रजिस्ट्री करवाने के बाद नए नियम के हिसाब से नामांतरण अब ऑनलाइन हो गया है। लेकिन सर्वर की समस्या की वजह से स्वतः नामांतरण ही नहीं हो रहा है। ऐसा नहीं होने से लोगों को तहसीलदार के पास आवेदन लगवाया जा रहा है। तहसीलदार के पास ऐसे आवेदनों का ढ़ेर लग गया है। इसलिए पेशी डेट मिल रही है। क्रेता व विक्रेता और गवाहों को तहसीलदार कार्यालय के चक्कर काटने पड़ रहे हैं।

#### इस तरह सात घंटे का इंतजार

प्रभावित केके यादव, मनीष वर्मा, जितेंद्र कुलकर्णी, संतोष यादव, भूपेन्द्र देवांगन, मीरा देवांगन, जानकी बाई, रमा बाई, सुनीता विश्वकर्मा आदि ने बताया कि रजिस्ट्री करवाने के लिए सुबह 11 बजे से आए हैं। 5 बज गए हैं लेकिन रजिस्ट्री नहीं हो पाई। उन्होने बताया कि पहले दस्तावेज लेखक के पास सर्वर की वजह से डिजीटल हस्ताक्षर में देरी हुई। वहां से यहां आए तो लंबी लाइन थी। लंच के बाद नंबर लगा। उसके बाद फोटो वेरीफिकेशन तो हो गया लेकिन जैसे ही मोबाइल में ओटीपी भेजे आया ही नहीं। बीच-बीच में कई घंटे लग गए। आखिर में ओटीपी आया तो सेव नहीं हो रहा था। वापस लौटना पड़ा। यह तीसरी बार है कि बिना रजिस्ट्री के लौटे हैं।

#### जब तक सर्वर ठीक न हो तब तक बंद हो रजिस्ट्री

लोगों व कर्मचारियों ने बताया कि जब से उप पंजीयक कार्यालय तहसील से यहां संभागीय कार्यालय आया है तभी से सर्वर की समस्या आ रही है। कहीं न कहीं तकनीकी समस्या से जूझ रहे हैं। जिसकी वजह से रजिस्ट्री का कार्य बेहद प्रभावित है। लोगों का कहना है कि रजिस्ट्री के लिए दूरदराज से लोग आते हैं और बैरंग वापस हो रहे हैं। इसलिए जब तक सर्वर अच्छे से ठीक न हो तब तक रजिस्ट्री का कार्य ही बंद कर दिया जाना चाहिए। इससे समय व पैसे की बचत होगी।

#### सर्वर की समस्या, इसलिए ऐसी दिक्कत

बीच-बीच में सर्वर समस्या आ जाती है। इसलिए ऐसी दिक्कतें आ रही है। सर्वर की समस्या राज्य से ही है। यहां की तकनीकी समस्या दूर कर ली गई है।
**-प्रियंका श्रीरंगे,** उप पंजीयक दुर्ग

# सब्जी व्यापारी ने न्यायालय परिसर में लगाई फांसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



परेशान व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। फांसी दुर्ग जिला न्यायालय परिसर में शुक्रवार लगाया है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया। दुर्ग कोतवाली पुलिस ने बताया कति वार्ड 31 आपापुरा निवासी युवराज सार्वा शुगर की बीमारी के चलते जिला अस्पताल में भर्ती था। अस्पताल से निकलकर न्यायालय परिसर पहुंचा और फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक युवराज सार्वा फिलहाल ई रिक्शा चलाकर अपने और परिवार का भरण पोषण कर रहा था। मृतक शुगर की बीमारी से पीड़ित था। जिसके चलते उसके पैर में उभरा जख्म ठीक नहीं हो रहा था। युवराज सार्वा ने नायलोन की रस्सी का फंदा लगाकर फांसी पर झूल गया। मार्निंग वॉक पर निकले व्यक्ति ने न्यायालय परिसर से होकर वे मैदान जा रहे थे। तब देखा कि परिसर में देखा था फांसी पर लटका व्यक्ति दिखा तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। मृतक की तीन बेटी और एक बेटा जो स्वीमिंग में नेशनल चैंपियन हैं। मृतक का बेटा हेमंत सार्वा ने आरोप लगाया है कि हटरी बाजार के दुकान संचालक की प्रताड़ना से तंग आकर उसके पिता ने आत्महत्या किया है। पिता हटरी बाजार में सब्जी बेचने का काम करते थे। लेकिन वहां के एक दुकानदार द्वारा सब्जी बेचने से मना कर दिया गया। जबकि उस जगह पर लगभग 50 साल पहले उसके दादा ने सब्जी बेचने का काम शुरू किया था। दुकानदार द्वारा सब्जी बेचने से मना करने पर वे मानसिक और आर्थिक रूप से टूट गए। इससे बीपी और शुगर की बीमारी ने उन्हें जकड़ लिया। मजबूरी में पिता ई रक्शिा चलाकर परिवार का जीवन यापन करते थे।

## पेंशनधारियों का होगा ऑनलाइन सत्यापन

**भिलाई।** राष्ट्रीय समाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत संचालित पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों का वार्षिक सत्यापन अब मोबाईल एप के माध्यम से आंनलाईन होगा। केन्द्र पोषित पेंशन योजनाएं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन, राष्ट्रीय विधवा पेंशन, राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन योजना के हितग्राहियों का प्रतिवर्ष सत्यापन किया जाता है।



अभी तक यह सत्यापन प्रत्यक्ष रूप से मैन्युवली होता रहा है। शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के परिपालन में आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर निगम सभागार में समाज कल्याण विभाग के पेंशन कार्य में लगे अधिकारी, कर्मचारियों को मोबाईल एप से हितग्राहियों के सत्यापन किए जाने की प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में विभाग के प्रभारी अधिकारी शरद दुबे, कर्मचारी सुखराम यादव, त्रिलोक ताम्रकार, मनहरण टंडन, संतोष हरमुख, बोधन साहू, रेखराम भारती, जितेन्द्र तिवारी, सागर दुबे, हेमंत मांझी, अतुल यादव, नंदकुमार नारंग, धनेश्वर साहू, अनुप सिन्हा, उपस्थित रहे, जिन्हे अंजु साहू ने प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रक्रिया समझाया।

# अंतरजातीय विवाह करने पर गुरुद्वारा में नहीं होंगे फेरे, बैठक में लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

■ सभी गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटियां रही शामिल

छत्तीसगढ़ सिख पंचायत सदस्यों सहित सभी गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटियों की गुरुद्वारा बाबा दीप सिंघ सुपेला मे सिख पंचायत अध्यक्ष जसवीर सिंह चहल की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में गुरु तेग बहादुर साहिब के 350 साल शताब्दी समारोह को लेकर एक बड़ा गुरमत समागम करने का निर्णय लिया गया। साथ ही अंतर्राजतीय विवाह करने पर गुरुद्वारे में लावा फेरे की अनुमति नही होगी।

सिख पंचायत सचिव गुरनाम सिंह ने बताया कि बैठक का प्रमुख मुद्दा पाठी सिंघो के पाठ की भेंटा ( गुरु ग्रंथ के पाठ करने की दक्षिणा) को लेकर किया गया था जिसमें गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी एवं सिख पंचायत द्वारा सर्व सहमति से 4800रु में 1200रु बढ़कर 6 हजार रु कर दिया गया। जिससे पाठ करने वाले लोगो में खुशी दिखाई दी। बैठक के दौरान दूसरा मुद्दा अंतरजातीय विवाह पर था जिस पर सिख समाज की लड़की दूसरे धर्म में शादी करती है तो गुरुद्वारे में लावा फेरे की मान्यता



नही दिए जाने पर सहमती बनी। तीसरे मुद्दे के अंतर्गत गुरुद्वारा श्री गुरु सिंघ सभा सेक्टर 6 कमेटी एवं गुरुनानक स्कूल के कार्य को लेकर लगातार विवाद करने वालों पर कार्रवाई एवं एक्शन लिया गया। इस दौरान सभी गुरुद्वारों में मेंबरशिप लेने पर चर्चा की गई। जिसमें अगली बार गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की सहमति एवं निर्वाचन मेंबरशिप के मेंबरों के आधार पर ही कि जाएगी।

इस महत्वपूर्ण बैठक में सिख यूथ फोरम भिलाई के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू, कोषाध्यक्ष मलकीत सिंह, सिख पंचायत के वाइस चेयरमैन गुरमीत सिंह गाँधी, पलविंदर सिंह रंधावा, हरभजन सिंह चहल, गुरमीत सिंह चहल, इंद्रपाल सिंह सैनी, अरविंदर सिंह खुराना, सिकंदर सिंह, जसवीर सिंह सैनी, हरपाल सिंह, बलदेव सिंह, बीबी कुलवंत कौर, सतवंत सिंह, अवतार सिंह सहित सभी सिख समाज के वरिष्ठ जन उपस्थित थे।

# भोलेनाथ का अभिषेक कर विधि-विधान से की पूजा-अर्चना



**दुर्ग।** सावन मास के अंतिम दिवस पर भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं राज्यसभा की पूर्व सांसद सरोज पाण्डेय के जलपरिसर स्थित कार्यालय के समीप महादेव व मां भगवती के मंदिर में अभिषेक किया गया। इस अवसर पर शहर विधायक गजेन्द्र यादव भी आयोजन में शामिल हुए। पूजन व आरती कर प्रदेश व शहरवासियों के कल्याण के लिए मंगलकामना की गई। उन्होंने मंदिर परिसर में शेड निर्माण की घोषणा की। सरोज पाण्डेय ने भी बाबा भोलेनाथ व मातारानी का पूजन कर देश, प्रदेश एवं शहरवासियों के मंगलमय जीवन के लिए कामना किया। सरोज पाण्डेय ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का मानना है कि विकास और विरासत साथ-साथ चलने चाहिए। मंदिर हमारी आस्था और संस्कृति के प्रमुख केंद्र हैं। सीएम विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सरकार प्रदेश के विकास के लिए बेहतर कार्य के साथ ही मंदिरों और तीर्थ स्थलों को संवारने का काम कर रही है। मौके पर पूर्व महापौर चंद्रिका चंद्राकार, पूर्व जिलाध्यक्ष उषा टावरी सहित अन्य मौजूद थे।

# बीएसपी कर्मियों को सेक्टर-4 सोसाइटी का लाभांश वितरण




**भिलाई।** बीएसपी एम्पलाइज कोऑपरेटिव एंड वेलफेयर सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर-4 के भिलाई स्टील प्लांट के सदस्य कर्मियों को लाभांश का वितरण 20 अगस्त से किया जाएगा। सोसाइटी के अध्यक्ष पूरनलाल देवांगन ने बताया कि लाभांश एवं ब्याज का वितरण लगातार 16 अक्टूबर तक चलेगा। सदस्यों की सुविधा को देखते हुए लाभांश वितरण अवधि दो माह की रखी गई है। दोपहर 3:30 से शाम 6:30 बजे तक सदस्य सेक्टर-4 सोसाइटी पहुंच कर लाभांश ले सकते हैं। निर्धारित तिथि में छूटे सदस्यों को सिर्फ सोमवार को अवसर मिलेगा। शासकीय अवकाश के दिन लाभांश-ब्याज वितरण कार्य नहीं होगा। सदस्य निर्धारित तिथि में नहीं पहुंच पाएंगे वे नवम्बर-25 से फरवरी-26 के बीच महीने के आखिरी सप्ताह में 25 से 31 तारीख तक कार्यालयीन समय में लाभांश प्राप्त कर सकते हैं। सदस्यों को सोसाइटी की पासबुक के साथ अपनी पासपोर्ट साइज की दो फोटो एवं बीएसपी का गेटपास लाना होगा। सोसाइटी की ओर से उपाध्यक्ष अशोक राठौर, असमां परवीन, विपिन बन्छोर, जानकी राव, शशि भूषण सिंह ठाकुर, पुरुषोत्तम कंवर, सतानंद चंद्राकर, वेद प्रकाश सूर्यवंशी और नितिशा साहू ने बीएसपी कर्मियों से तय तिथि पर लाभांश लेने की अपील की है।

## परिजनों को मिली 8 लाख की आर्थिक सहायता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने दुर्घटना में मृतकों के परिजनों को 8 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार हाउस नं. 204, वार्ड नं. 09, दमोदा बोरई तहसील व जिला दुर्ग निवासी झामबती साहू की विगत 30 मई 2020 को वाहन सहित कोटनी शिवनाथ नदी एनीकेट के पास नदी में डूबने से मृत्यु हो गई थी। इसी प्रकार बिजली नगर छावनी भिलाई जिला दुर्ग निवासी पवन यादव की विगत 02 जुलाई 2020 को नहाते समय पानी में डुबने से मृत्यु हो गई थी। प्रावधानों के अनुरूप कलेक्टर ने मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रुपए की आर्थिक राशि प्रदान की है।

# जिले के 159 स्कूल जर्जर, अब तक मेंटेनेंस नहीं, आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

■ आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उठाए सवाल

जिले के सरकारी स्कूलों की बिल्डिंग जर्जर है। हादसों का खतरा बना हुआ है। अब तक इस तरफ ध्यान नहीं दिया गया है। जानकारी के मुताबिक 159 से ज्यादा स्कूलों में मेंटेनेंस की दरकार है, लेकिन अब तक इसे गंभीरता से नहीं लिया है। आम आदमी पार्टी ने इसे लेकर शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। तत्काल मेंटेनेंस कराने अन्यथा उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा को बर्बाद करने पर तुली हुई है। बच्चों के भविष्य के प्रति बड़ी-बड़ी डीगें हाँकने वाली भाजपा सरकार सिर्फ बैनर पोस्टर प्रचार वाली सरकार है। प्रदेश महासचिव वदूद आलम ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा बीजेपी सरकार कों बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए अच्छी



शिक्षा की चिंता तो दूर वर्तमान की साधारण स्तर की शिक्षा कों भी ख़त्म करने पर तुली है। मौजूदा सरकार बच्चों को अनपढ़ रखना चाहती है, ताकि आने वाले समय में अनपढ़ सरकार से ना सवाल करेंगे और ना ही नौकरी मांगेंगे। अगले 7 दिनों में छत्तीसगढ़ के साथ साथ दुर्ग में शिक्षा की बदहाल स्थिति को उजागर करते हुए हर दिन एक नया वीडियो जनता के बीच लाएगी, जिसमें दिखाया और बताया जाएगा कि किस तरह राज्य में शिक्षा को बर्बाद करने पर सरकार तुली है? सरकार की उदासीनता जगजाहिर होगी। स्कूल जर्जर हालत में हैं, कहीं छत टपक रही है तो कहीं छत ही नहीं है, कहीं पर छत का प्लास्टर उखड़ा हुआ है।

# अगस्त क्रांति पर हुए कार्यक्रम, याद किए गए स्वतंत्रता संग्राम के अमर शहीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

■ जेएनएल हास्पिटल प्रतीक स्थल पर हुए कार्यक्रम

9 अगस्त, अगस्त क्रांति दिवस, जिसे क्विट इंडिया मूवमेंट के नाम से भी जाना जाता है सन १९४२ में इसी दिन महात्मा गांधी ने अंग्रेजों भारत छोड़ो का आह्वान किया था और इस मूवमेंट से स्वतंत्रता आंदोलन ने एक महत्वपूर्ण मोड लिया था और अंग्रेजों के खिलाफ जबरदस्त जन आंदोलन खड़ा हो गया था। भिलाई में भी अमर शहिदों की याद में सेक्टर नाइन जवाहर लाल नेहरू अस्पताल में अगस्त क्रांति के प्रतीक स्थल पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी स्वतंत्रता



संग्राम सेनानियों को याद करने नगर पालिका निगम भिलाई के राजस्व विभाग के प्रभारी सीजू एंथोनी द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पूर्व राज्य मंत्री बीडी कुरैशी, पूर्व विधायक अरूण वोरा, पूर्व महापौर दुर्ग आर एन वर्मा, पूर्व महापौर नीता लोधी, पूर्व महापौर दुर्ग धीरज बाकलीवाल, नगर पालिका निगम भिलाई के सभापति गिरवर बंटी साहू, रिसाली सभापति केशव बंछोर, महापौर परिषद् के सदस्य लक्ष्मीपति राजू, केशव चौबे, जोन अध्यक्ष राजेश चौधरी, वाय के सिंह, अतुल चंद साहू, जिला कांग्रेस के प्रवक्ता जावेद खान, ब्लाक अध्यक्ष दानेशवरी साहू, गौरव श्रीवास्तव, प्रमोद प्रभाकर, कोटेश्वर राव, सैम्युल डेविड, पार्षद अभय सोनी, सुरेश वर्मा, कोमल दास टंडन, आर बीके राव, रविशंकर सिंह, अरूण अग्रवाल, एस एम वैध आदि ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया। आभार प्रदर्शन सीजू एंथोनी ने किया।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय मे मामला क्रमांक:**
**202507101000010**
विषयः-अ-6 अ सनः 2024-2025
**मामले की श्रेणीः- राजस्व**
कुरूद (प ह न. 00046),
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार विश्वकांत तिवारी,
अनावेदक पक्षकार -
**ईश्तहार**
आवेदक - विश्वकांत तिवारी पिता/पति विभाग रामप्रवेश तिवारी पता-घासीदास नगर भिलाई द्वारा ग्राम कुरूंद प.ह.न. 46 रा.नि.म कोहका, तहसील व जिला दुर्ग की भूमि ख.न. 776/2 रकबा 0.007 है/750 वर्गफीट विक्रेता सुभाष जायसवाल आ रामाधार जायसवाल से क्रय किया गया था। उक्त भूमि वतर्मान पटवारी अभिलेख में आवेदक के स्थान पर विक्रेता का नाम प्रदर्शित हो रहा है। जिसे त्रुटी सुधार किये जाने हेतु न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।
अतएव इस संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 14/08/2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयवधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोईविचार नहीं किया जावेगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 01/07/2025 को जारी किया जाता है।
अतिरिक्त तहसीलदा
भिलाई नगर

**राजस्व मामले में नोटिस**
समक्ष न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले का विषय :- राजस्व अपील प्रकरण
ऑन लाईन रजि० नं० / मामला क्र.-
202408100400332/अ-6 सन् 2023-2024
पंजीयन दिनांक 23.08.2024
श्री कृष्ण कुमार सिंह शिखरवार पिता जगन्नाथ सिंह शिखरवार द्वारा मुख्तयारधारी सुदर्शन सिंह शिखरवार...अपीलार्थी
विरुद्ध
श्री नवीन सिंह पिता प्रहलादसिंह वगैरह..अनावेदकगण
दावा 1-नवीन सिंह पिता प्रहलाद सिंह निवासी गुरुछाया प्रियदर्शनी रिसाली, भिलाई अन्य पता- मधुरिसा बेकरी एण्ड रेस्टोरेंट बी.एस.पी. मार्केट मैत्री नगर रिसाली भिलाई,
7-हरिशंकर मैथली पिता भीषम प्रसाद मैथली,
8-वैशाली मैथली पति हरिशंकर मैथली
दोनों निवासीगण मैत्री विहार भिलाई, तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. (ग्राम कोहका, प०ह०नं० 45 स्थित भूमि ख.नं. 2586/26 के संबंध में)
एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि अपीलार्थी श्री कृष्ण कुमार सिंह शिखरवार पिता जगन्नाथ सिंह शिखरवार निवासी वार्ड नं. 21. शिवाजी नगर, शिवाजी पार्क के पास तितुरडीह दुर्ग छ.ग. के द्वारा मुख्यारधारी सुदर्शन सिंह शिखरवार पिता कृष्ण कुमार सिंह शिखरवार निवासी वार्ड नं. 21. शिवाजी नगर, शिवाजी पार्क के पास तितुरडीह दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. के द्वारा ग्रान कोहका प०ह०नं० 45 स्थित उपरोक्त शीर्ष में दर्शित भूमि के संबंध में अधीनस्थ न्यायालव अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर के रा.प्र.क. 135/अ-6 सन 2018-19 पक्षकार कृष्ण कुमार सिंह विरूध्द नवीन सिंह में पारित आदेश दिनांक 03/07/2024 से व्यथित होकर छ०ग०भू०रा०सं० 1959 को धारा 44 (1) के तहत अपील अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण में आपको रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से नोटिस प्रेषित किया गया है किन्तु आपके सही पते के अभाव में नोटिस की तामिली नहीं हो सकी है। अपीलार्थी द्वारा समाचार पत्र में प्रकाशन के माध्यम से नोटिस प्रकाशन कर सूचना जारी करने के संबंध में आदेश 05 नियम 20 सी.पी.सी. के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है जिसे स्वीकार किया गया है।
अतः नोटिस का प्रकाशन अपीलार्थी के व्यय पर स्थानीय लोकप्रिय सर्वविदित दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से कराया जा रहा है संसूचना प्राप्त होने पर स्वयं अथवा अपने अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। ज्ञात हो कि अपील प्रकरण में आगामी पेशी तिथि 18/08/2025 नियत है, नियत दिनांक को अनुपस्थिति की दशा में प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।
आज तारीख 23.07.2025 को जारी किया गया।
अनुविभागीय अधिकारी (रा)
दुर्ग जिला दुर्ग दुर्ग


।। जीवेत शरदः शतम् ।।
वैशाली नगर के लोकप्रिय विधायक
मा. श्री रिकेश सेन जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
शैलेन्द्र सिंह
सक्रिय सदस्य
भाजपा
प्रदीप गुप्ता
कार्यसमिति सदस्य
वैशाली नगर मंडल
नागेन्द्र सिंह
सक्रिय सदस्य
भाजपा
रमेश सिंह
सक्रिय सदस्य
भाजपा
अवतार सिंग
उपाध्यक्ष
कैंप मंडल भाजपा
अंकुर शर्मा
महामंत्री
वैशाली नगर मंडल भाजपा
कुबेर शर्मा
सक्रिय सदस्य
भाजपा
मनीष सिंह
सक्रिय सदस्य
भाजपा


10 अगस्त
वैशाली नगर विधानसभा के
लाड़ले विधायक, जन नेता
मान. रिकेश सेन जी
को जन्म दिवस की
बधाई व शुभकामनाएं....
प्रवीण पाण्डे
विजय शुक्ला
दिलीप केशरवानी
शैलेन्द्र सिंह (बॉबी)
मनोज शुक्ला
सुदेश मिश्रा
विष्णु मिश्रा
रिंकू उपाध्याय
विनोद निजावन सोनू
लक्ष्मी अग्रवाल